# यहां लग रही है अध्यक्ष की बोली, कौन कितना देगा

**खास बातें**

- लड़ाई से फायदा तीसरे का ही होता है
- नगर पालिका में सब ठीक नहीं चल रहा, कुर्सी हिलाने की साजिश




नवभारत न्यूज

**विदिशा, 1 जुलाई, जिले भर में सत्ता के लगभग सभी स्तरों पार्षद से लेकर विधायक और सांसद तक एक ही दल से होने के बावजूद विदिशा की आम जनता विकास और स्थायित्व से महरूम है. कारण जनप्रतिनिधियों के आपसी मनमुटाव और पदलोलुपता, जिनका खामियाजा सीधे आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है.**

राष्ट्रीस स्वयंसेवक संघ, जो वर्षों से अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक माना जाता है, इस बार अपने ही घर की कलह सुलझाने में विफल साबित हो रहा है.नगर पालिका में उठी सियासी उठापटक की कानाफूसी एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है. एक पार्षद से मोबाइल पर बातचीत में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि सबके अपने-अपने हित हैं, किसी को अध्यक्ष की कुर्सी चाहिए तो किसी को पैसे से मतलब है. जो देगा, हम उसके हो जाएंगे. हालांकि उन्होंने यह भी कहा कुछ नहीं होगा, अध्यक्ष वही रहेंगे. सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष पद के तीन दावेदारों ने एक से दो करोड़ रुपये तक खर्च करने की बात कही है. कई पार्षद साफ कह रहे हैं कि उन्हें सिर्फ पैसा चाहिए.यहां तक कि यह चर्चा भी होने लगी है कि वर्तमान अध्यक्ष के चयन के समय किसे कितना पैसा दिया गया था. सत्ता की इस रस्साकशी में नगरपालिका के कामकाज ठप हैं. लेकिन पार्षदों के लिए यह वक्त सोने पे सुहागा है. सभी पक्ष उन्हें साधने में जुटे हैं, लिहाजा इन पार्षदों की बोली भी लग रही है और बदनामी भी नहीं हो रही बल्कि सम्मान बढ़ रहा है. नगर पालिका अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने की कोशिशों में व्यस्त हैं और पार्षदों को पूरी छूट मिली हुई है. ऐसे में यह लड़ाई किस मोड़ पर जाएगी, ये देखना दिलचस्प होगा. पर एक बात तय है. इस लड़ाई में फायदा किसी तीसरे को ही होगा,जनता फिर ठगी जाएगी. इस पूरे घटनाक्रम संगठन को ही खामियाजा उठाना पड़ सकता है.

# पिकअप वाहन हुयी दुर्घटना ग्रस्त, 16 मजदूर हुये घायल

नवभारत न्यूज

**विदिशा 1 जुलाई,** मंगलवार की दोपहर हांसुआ और परासीटुंडा के बीच कमानी टूटने के कारण एक पिकअप वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया. वाहन में सवार 16 मजदूर घायल हुए है। बताया गया कि सभी मजदूर धान की रोपाई के लिए विदिशा आए थे. सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया गया कि ग्राम हकीमखेड़ी के पास बुढिया खुर्द निवासी किसान हामिद खान ने कटनी से मजदूर बुलाए थे. घटना की जानकारी मिलते ही हामिद खान मौके पर पहुंचे और घायलों को निजी वाहनों व एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया. एसडीएम क्षितिज शर्मा ने अस्पताल में घायलों की स्थिति की जानकारी ली.घायलों में श्यामली आदिवासी, सुम्मीबाई आदिवासी, लक्ष्मी बाई, अंजली बाई, धनिया बाई, समर आदिवासी, फूलबाई, नीतू बाई, काजल बाई, सुकेन्द्र, राहुल, रोहित, पुन्नूलाल, प्रकाश, सुदीप और अजीत आदिवासी शामिल हैं.



## लोकसभा निर्वाचन में सीसीटीवी कार्य का भुगतान करने की मांग

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मंगलवार को जनसुनवाई में एक महिला अपने बच्चों के साथ कलेक्टोरेट पहुंची और कलेक्टर के नाम आवेदन दिया गया. इस दौरान उन्होंने बताया कि कैपिटल कंप्यूटर को पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य मिला था. इस कार्य की 25 फीसदी राशि निर्वाचन आयोग द्वारा भुगतान कर दी गई है बाकी राशि पाने के लिए वह कई बार आवेदन कर चुकी है. उन्होंने आवेदन देकर जल्द से जल्द राशि भुगतान करने की मांग की है. मंगलवार को जनसुनवाई में कैपिटल कंप्यूटर की संचालक रिचा कटियार कलेक्टोरेट पहुंची और आवेदन देकर बताया कि पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में कैपिटल कंप्यूटर को जिलेभर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य निर्वाचन आयोग द्वारा उन्हें दिया गया था। ठेका उन्होंने 428171 में मिला था, जिसका निर्वाचन आयोग द्वारा 25 फीसदी की राशि का भुगतान कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले उनके पति की मौत हो चुकी है और उनके दो बच्चों का भरण पोषण करने, मकान का कर्ज जमा करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.




## अपोलो में लगा ब्लड डोनेट कैंप

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**डाक्टर्स डे के उपलक्ष्य में विदिशा अपोलो स्पेशलिटी अस्पताल में ब्लड डोनेट कैंप आयोजित किया गया.ब्लड डोनेट करने वालों में अस्पताल के डॉक्टर एवं स्टाफ ने रक्तदान किया .

## रोटरी क्लब ने आयोजित किया सम्मान समारोह व ब्लड डोनेशन कैंप

नवभारत न्यूज

**विदिशा, रोटरी क्लबके नये सत्र का शुभारंभ 1 जुलाई के अवसर पर रोटरी क्लब विदिशा द्वारा डॉक्टर्स डे एवं सीए डे मनाया गया. इस अवसर पर डॉक्टर का और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया.**

इस अवसर पर डॉक्टर विनोद भट्ट , डॉ विनय पांडे, डॉक्टर राजीव जैन , डॉक्टर अनूप वर्मा, डॉक्टर राहुल जैन, डॉक्टर दिनेश जैन, डॉक्टर सुरेंद्र सोनकर , डॉ सचिन गर्ग, डॉक्टर रूपिका गर्ग, डॉक्टर ऐश्वर्या मोदी, डॉक्टर वर्षा मोदी, सीए विकास जैन, सीए पार्थ पितलिया,सीए संदीप शाह आदि उपस्थित थे.डॉक्टर जीवन बचाते हैं और सीए जीविका यह बात सीए विकास जैन ने कही.कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन गिरीश जैन ने किया और स्वागत भाषण रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ जनार्दन सिंह जादौन ने किया.आभार रोटरी क्लब के सचिव डॉक्टर पंकज अग्रवाल ने किया. इस अवसर पर रोटरी क्लब ने ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया जिसमें रोटरी क्लब के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. इस अवसर पर सुजीत देवलिया राजीव पीतलियां, बंसी खरबंदा, रितेश कपूर , राजेश दुब, आदि रोटेरियन उपस्थित थे.




## मंत्रालय का आदेश लेकर भटक रहा है पाल समाज

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** जिले में घुमक्कड़ जाति प्रमाण पत्र एवं घुमक्कड़ वर्ग के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं. जिससे जिले में निवासरत गड़रिया, पाल और वघ्सोल समाज को एसटी के प्रमाण पत्र नहीं बन रहें हैं. जबकि सरकार के निर्देश पर अन्य जिलों में प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं. मंगलवार को नारी शक्ति शाखा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता धनगर ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर प्रमाण पत्र बनाने की मांग की हैं. मांग पत्र में बताया गया कि प्रदेश में घुमक्कड़ वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं किन्तु प्रशासनिक अधिकारियों के हठधर्मिता से विदिशा जिले में न तो घुमक्कड़ जाति प्रमाण पत्र बन रहे हैं और न ही घुमक्कड़ वर्ग की योजनाओं का किसी को लाभ मिल पा रहा है.उन्होंने कहा कि जिले में लगभग एक लाख से अधिक पाल, गड़रिया और वघ्सोल समाज के लोग निवास करते हैं.

## 58वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज


**गंजबासौदा,**आचार्य भगवान श्री विद्यासागर महाराज जी के 58 वें दीक्षा दिवस के उपलक्ष में अखिल भारतीय महिला परिषद, भारतीय जैन संघटना, जैन मिलन, राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ, इनर व्हील क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन महावीर विहार में किया गया. शिविर में विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, वार्ड 12 के पार्षद सतीश जैन, मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, मंत्री सतीश जैन, सकल जैन समाज के महामंत्री पदमचंद वकील, भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती रीता भावसार के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ.डॉक्टर अतुल जैन, डांक्टर संकुल जैन, डॉक्टर नेहा जैन, डॉक्टर श्वेता जैन के निर्देशन में यह शिविर आयोजित किया गया. उक्त सभी अतिथियों को महिला मंडल के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रजलान एवं मंगलाचरण के साथ हुआ. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती हर्षित जैन एवं श्रीमती रेशु जैन ने किया.आभार श्रीमती दीपा जैन ने व्यक्त किया. गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला मंडल के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 58 यूनिट से अधिक रक्तदान करने वालों की संख्या रहीं.

# प्राचीन बावड़ी के पास अतिक्रमण, गंदगी का अंबार

**अतिक्रमण न हटने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

नवभारत न्यूज

**कुरवाई, वार्ड नंबर 4 स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं प्राचीन खारी बावडी जल स्त्रोत है.मंदिर के आसपास अतिक्रमण एवं नगर परिषद द्वारा स्थापित कचरा घर होने से गंदगी का अंबार लगा रहता है.उक्त कचरा उड़कर प्राचीन जलस्त्रोत बावड़ी में जाने से दूषित हो रही है एवं मंदिर जाने बाले श्रद्धालुओं को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है.जिसकी शिकायत मुकेश कुशवाह, नंदकिशोर, उमा सेन ,पुष्पेंद्र साहू ,आशा रजनी ,उमा अशोक आदि ने क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे,एसडीएम मुख्य नगर पालिका अधिकारी को मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में की.**



ज्ञापन देने के बाद भी ना तो अतिक्रमण हटाया गया.नगर परिषद द्वारा सफाई नहीं कराई गई.बावड़ी जल स्त्रोत में अत्यधिक पानी रहता है. आसपास के मोहल्ले के बच्चे खेलते रहते हैं.बावड़ी के किनारे से दुधारूपशु चरने जाते हैं.उसके उपरांत भी बावड़ी के ऊपर सुरक्षा की दृष्टिकोण से जाल नहीं बिछाया गया.जबकि शासन के सख्त निर्देश हैं.कोई भी जल स्त्रोत खुला नहीं होना चाहिए.अनेक स्थानों पर खुला कुए एवं बवड़ी में अनेक घटनाएं घटित हो चुकी हैं.उसके उपरांत भी जल स्त्रोत वाली बावड़ी में जाल बिछाया कर बंद नहीं किया गया. कोई बड़ी-बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है.नगर का सबसे बड़ा नाला खारी बावड़ी पर स्थित है.आदि नगर का वर्षाका पानी उक्त नाले से होकर निकलता है.उक्त नल की सफाई न होने से जल भराव की स्थिति बनती है.नगरवासियों ने चेतावनी दी शीघ्र अतिक्रमण नहीं हटाया गया एवं साफ सफाई नहीं की गई तो कलेक्टर एवं नगरी प्रशासन मंत्री को ज्ञापन देकर प्रदर्शन स्थानीय प्रशासन के खिलाफ किया जावेगा.

**लापरवाही** | **विदिशा में स्मार्ट मीटर से गड़बड़ी के 107 केस**

# 68 लाख का बिजली बिल देखकर ब्लड प्रेशर 200 तक पहुंचा

नवभारत न्यूज

**विदिशा, नगर में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गए हैं। बिजली वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं के घर-घर पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिए. दावा किया गया था कि इनसे बिलिंग पारदर्शी होगी, लेकिन हकीकत में आम लोगों को लाखों रुपए के बिल थमा दिए गए.**

शहर में होमगार्ड रोड निवासी बुजुर्ग मुरारीलाल तिवारी को 69 लाख 75 हजार का बिजली बिल मिला, जिसे देखकर उनकी तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल तक जाना पड़ा. तिवारी के पड़ोसी रघुवंशी परिवार को भी 68 लाख रुपए का बिल भेजा गया. वहीं झुग्गी बस्तियों में मजदूर परिवारों को भी 7-7 लाख रुपए के बिल थमा दिए गए. बिजली कंपनी की तरफ से अब तक न तो जांच हुई, न कोई अफसर मौके पर पहुंचा. उल्टा शिकायत के बाद भी बिल में पेनल्टी जोड़ दी गई. अफसरों के पास भी कोई ठोस जवाब नहीं है.होमगार्ड रोड निवासी 65 वर्षीय मुरारीलाल तिवारी और उनकी पत्नी अकेले रहते हैं. उनके बेटे फौज और प्राइवेट कंपनियों में बाहर नौकरी करते हैं. तिवारी का कहना है,हम घर में बहुत सीमित बिजली का इस्तेमाल करते हैं, सिर्फ जरूरत भर. अब मीटर में 219 यूनिट दिखा रहा है, फिर भी बिल 69 लाख का आया है. अगर इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो हम उपभोक्ता फोरम जाएंगे या फिर बिजली ही कटवा देंगे, चाहे चिमनी में रहना पड़े.उन्होंने बताया, वे कुछ समय के लिए अपनी पत्नी के साथ बेंगलुरु अपने बेटे के पास गए हुए थे. इसी दौरान बिजली कंपनी ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनके घर स्मार्ट मीटर लगा दिया. जब वे लौटे तो उन्हें 69 लाख 75 हजार 854 रुपए का बिजली बिल थमा दिया गया.तिवारी का कहना है कि जैसे ही यह बिल देखा, ब्लड प्रेशर बढ़ गया, चक्कर आए और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा. उन्होंने तत्काल बिजली कंपनी में लिखित शिकायत की, लेकिन एक महीने बाद भी न तो कोई जांच हुई, न ही किसी अधिकारी ने संपर्क किया. उल्टा अगली बार जब बिल आया, तो उसमें 1 लाख रुपए की पेनल्टी भी जुड़ी हुई थी. इस मामले में उपभोक्ता श्री तिवारी ने बताया कि शिकायत के बाद बिजली कंपनी ने बिल में सुधार करते हुए 640 रुपए कर दिया.मुरारीलाल तिवारी ने बताया कि मेरे पड़ोसी महेंद्र सिंह रघुवंशी को भी 68 लाख रुपए का बिल आया है.वे जिला पंचायत में कार्यरत हैं. उनकी शिकायत पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई. तिवारी ने कहा कि बिजली कंपनी दावा कर रही है कि ये मीटर बिलिंग में पारदर्शिता लाएंगे. खपत की सही जानकारी मिलेगी. लेकिन वास्तविकता यह है कि अब 100 रुपए के बिल की जगह लाखों रुपए के बिल आ रहे हैं. रूबी सैनी बताती हैं कि पहले पुराने मीटर से हर महीने सिर्फ करीब 150 रुपए का बिजली बिल आता था. लेकिन जब से बिजली विभाग ने बिना बताए स्मार्ट मीटर लगाया है, अब 7 लाख 10 हजार 330 रुपए का बिल थमा दिया गया. उन्होंने कहा, उन्होंने बिजली कंपनी के दफ्तर जाकर लिखित शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई अधिकारी जांच के लिए नहीं आया, न ही किसी ने बात तक की. हम गरीब लोग हैं, दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। दो वक्त की रोटी बड़ी मुश्किल से जुटती है, ऐसे में लाखों का बिल कैसे चुकाएंगे.




### सात हजार मीटर लगाए, 107 में गड़बड़ी

जोन-2 के विद्युत कंपनी अधिकारी शरद महोबिया ने बताया, शहर के जोन-2 में करीब सात हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं. बिजली कंपनी ने यह काम एक निजी कंपनी को सौंपा था. उनके कर्मचारियों ने मीटर लगाने के बाद रीडिंग लेने में गड़बड़ी कर दी, जिससे बिल गलत आए. उन्होंने बताया, अब तक करीब 107 उपभोक्ताओं के बिलों में गड़बड़ी पाई गई है. इन्हें जल्द ठीक करवाया जा रहा है.

### मजदूर के घर 7 लाख का बिल

स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्ताओं में योगेश अहिरवार भी शामिल हैं. उन्होंने बताया हमारे घर का बिजली बिल हमेशा 100 से 200 रुपए ही आता था. घर छोटा है, जिसमें सिर्फ तीन बल्ब लगे हैं. कोई ऐसी चीज नहीं है जिससे ज्यादा बिजली जले. लेकिन अब बिजली विभाग ने उन्हें 7 लाख 784 रुपए का बिल भेज दिया है. मैं टाइल्स लगाने का काम करता हूं, रोज कमाता हूं, रोज खाता हूं। ऐसे में 7 लाख रुपए का बिल भरना हमारे लिए नामुमकिन है. योगेश ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पहले कहा था कि मीटर में गड़बड़ी है.उन्होंने इसकी शिकायत भी की, लेकिन अब तक न कोई जांच हुई, न बिल कम हुआ.हमारे मोहल्ले में भी कई लोगों को ऐसे ही लाखों के बिल थमाए गए हैं, लेकिन किसी की सुनवाई नहीं हो रही.

### झोपड़ी में रहने वालों को भी लाखों के बिल

आज्ञाराम कॉलोनी की झुग्गी बस्तियों में हालात और भी भयावह हैं.यहां रहने वाली किरण अहिरवार, जो मजदूरी कर अपने तीन बच्चों का पेट पालती हैं, बताती हैं- हमारे घर में सिर्फ दो बल्ब और एक पंखा है। पहले हर महीने 100-200 रुपए का बिल आता था.लेकिन जब से डिजिटल स्मार्ट मीटर लगे हैं, अब 7 लाख रुपए से ज्यादा का बिल भेज दिया गया है. किरण ने 181 हेल्पलाइन और कलेक्ट्रेट में शिकायत भी की, लेकिन 18 दिन बीत जाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला. इसी बस्ती की सलोनी ने कहा-विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने कहा था कि स्मार्ट मीटर से फायदा होगा, लेकिन ये तो हमें कंगाल कर देगा. वहीं, झुग्गी में ही रहने वाले बृजेश सैनी का भी बिल 7 लाख रुपए से ज्यादा आया है। वे बताते हैं-हमारे एक कमरे में सिर्फ एक पंखा और कूलर चलता है, फिर भी स्मार्ट मीटर हर दिन 2000 यूनिट दिखा रहा है. इतना बिल तो पक्की कॉलोनियों का भी नहीं आता.बिजली कंपनी के एसई सत्येंद्र मौर्य ने कहा,उपभोक्ताओं के पास लाखों रुपए के बिल क्यों पहुंचे, इसकी जानकारी ली जा रही है. इधर, बिजली कंपनी के डीई अरविंद वर्मा का कहना है कि लगभग 15 उपभोक्ताओं के बिलों में गड़बड़ी सामने आई है. यह सॉफ्टवेयर की तकनीकी समस्या के कारण हुई है.बिलों को ठीक किया जा रहा है. जब उनसे उपभोक्ताओं की सहमति लिए बिना स्मार्ट मीटर लगाने पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, स्मार्ट मीटर कंपनी की प्रॉपर्टी हैं, इन्हें बदलने के लिए उपभोक्ता की सहमति की जरूरत नहीं है. केंद्र सरकार की योजना के तहत पूरे देश में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं.

## रजत जयंती वर्ष में उत्साह से होंगे जन जागृति कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, रक्त सेवा समिति मध्य प्रदेश की बैठक समिति कार्यालय विश्वंभरा धर्म कांटा पर आयोजित की गई. जिसमें समिति के रजत जयंती वर्ष के समारोह पूर्वक मनाने हेतु विचार विमर्श किया गया. 12 अगस्त 2025 से 12 अगस्त 2026 तक रजत जयंती वर्ष समारोह ,समिति द्वारा मनाया जाएगा. रजत जयंती में वर्ष भर विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी जिसमें समिति के सभी सदस्यों से सुझाव प्राप्त किए गए. जिन्हें सर्व सहमति से स्वीकार किया गया.**



बैठक में समिति के संस्थापक राजेश तिवारी ,समिति अध्यक्ष राकेश जैन ,समिति की महिला शाखा की अध्यक्ष श्रीमती ममता जैन ,युवा अध्यक्ष सुभेंद्र राजपूत ,महिला कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती विद्या यादव महिला शाखा संरक्षक श्रीमती प्रमिलातिवारी, समिति उपाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जी जैन, परवेज फैजलानी सचिव अनिल दुबे कोषाध्यक्ष, मुकेश तिवारी योगाचार्य,महेंद्र सिंह रघुवंशी शिविर प्रमुख सुनील अहिरवार राजेंद्र सिंह गौर समिति सदस्य श्री रवि शंकरलोहिया जी महिला शाखा सचिव रेहाना फजलानी संगीता तिवारी , सुनीता दुबे,श्रीमती मीनेश यादव श्रीमती रेखा साहू श्रीमती अदिति अरोरा श्रीमती अंजू तिवारी , सौम्या,श्रीमती कविता शर्मा श्रीमती सुनंदा लोहिया श्रीमती जयंती जैन श्रीमती साक्षी तिवारी कुमारी सौम्या तिवारी सौमित्र तिवारी रमन तिवारी मोहित भार्गव उपस्थित रहे बैठक का संचालन अनिल दुबे तथा आभार समिति अध्यक्ष राकेश जी जैन द्वारा किया गया. मोहित भार्गव एवं रमन तिवारी को उपाध्यक्ष, अक्षत श्रीवास्तव को सह-सचिव तथा अमन पाठक को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया.

## अमानत में खयानत करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मंगलवार को विनोद अग्रवाल पुत्र शिवनारायण अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 03 नेहरू चौक गंजबासौदा द्वारा एसपी को एक ज्ञापन सौंपा गया.जिसमें विनोद अग्रवाल ने बताया कि प्रार्थी गंज बासौदा का निवासी होकर हर्षित ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से अनाज क्रय विक्रय का व्यवसाय मण्डी प्रांगण गंज बासौदा में करता है. दिनांक 12 जून 15 को प्रार्थी द्वारा मनोज ट्रेडर्स सतना को 504 वैग जिसमें 304 क्विंटल 60 किलो तेवडा कीमती 10,96,864 रूपये था व्यापारिक संव्यवहार में यादव रोड लाइंस गंज बासौदा के माध्यम से ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 4356 के द्वारा मनोज ट्रेडर्स सतना हेतु मण्डी अनुज्ञा पत्र क्रमांक 25119005412062036 द्वारा बासौदा से सतना हेतु भेजा गया था. उक्त ट्रक के मालिक पुष्पेन्द्र यादव पुत्र खरग यादव आयु 35 वर्ष निवासी वार्ड नं. 18 घुरैयाखेडा पोस्ट अमरमउ सागर मप्र है दिनांक 12.06.2025 को जब ट्रक में तेवडा भरा जा रहा था तब ट्रक के मालिक स्वयं मण्डी आ गए थे तथा ट्रक का ड्रायवर देवेन्द्र घोषी पुत्र राजू घोषी निवासी घुरैयाखेडा पोस्ट अमरमउ सागर ट्रक चलाकर लाये थे. ट्रक में तेवड़ा भराकर ड्रायवर व ट्रक मालिक ट्रक को लेकर मय क्लिंजर सतना के लिए चले गए थे. मनोज ट्रेडर्स को तेवडा प्रदाय करने हेतु चले गये थे. यह कि प्रार्थी को दिनांक 14.06.2025 को ट्रांसपोर्टर उधम यादव द्वार सूचना दी गई कि जिस ट्रक से तेवडा सतना भेजा गया था वह ट्रक खाई में उतर गया है इस हेतु उक्त तेवडे को दूसरे ट्रक में लोड कराकर सतना मनोज ट्रेडर्स के यहां पहुंचाना है. प्रार्थी स्वयं उधम यादव के साथ सतना जाने वाले रास्ते से रवाना हुए तथा किशनपुर में जाकर देखा तो ट्रक खड़ा हुआ था जब प्रार्थी ने उक्त ट्रक में रखा 504 वैग तेवडा दूसरे ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 6191 में रखवाया तो प्रार्थी को ज्ञात हुआ कि तेवडा के 504 वैग 304 क्विंटल 60 किलो में से मात्र 285 वेग 173 क्विंटल 60 किलो ही गाड़ी में रखे हुए है शेष 219 वेग 131 क्विंटल तेवडा कम है। जब प्रार्थी ने ट्रक डायवर व मालिक से पूछा कि इसमें 131 क्विंटल तेवडा कम हो गया है तो पुष्पेन्द्र यादव व ड्रायवर देवेन्द्र घोषी प्रार्थी से चिल्ला चोट करने लगे तथा कहने लगे कि हम आपका शेष तेवडा मनोज ट्रेडर्स पर पहुंचा देंगे. ट्रांसपोर्टर उधम यादव भी कहने लगा कि आप तो बासौदा चलो आपका बचा हुआ तेवडा पहुंचाने हेतु हम लोग जवावदार हैं.